तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 26 दिसंबर 2023

4 खेत में यूरिया और दवाएं आसानी से छिड़कवा सकेंगे जिले के किसान






## अन्नदाताओं में हर्ष, बकाया बोनस मिलने के बाद सरकार पर बढ़ा भरोसा

# मोदी की गारंटी पूरी, खाते में पहुंचा 2 साल का बोनस







हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

जनपद पंचायत तमनार सुमता सभा कक्ष में 25 दिसम्बर अटल सुशासन दिवस पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा तमनार ब्लाक अंर्तगत 7 धान उपार्जन केंद्र के 2666 किसानों को 126960180 रुपये बोनस राशि किसानों के खातों में ट्रांसफर की गई।

■ तमनार में धान बोनस राशि वितरण से किसानों में खुशी

सर्वप्रथम भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर पूजा अर्चना कर अतिथियों का स्वागत की गई। धान बोनस राशि वितरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों बोनस राशि वितरण का प्रमाण पत्र पाकर किसानबन्धु गदगद हुए। राज्य सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के तहत खरीफ वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 के धान बोनस राशि का वितरण किसानों के बैंक खातों में ऑनलाइन जारी के साथ-साथ किसानों को बोनस राशि वितरण का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। जनपद पंचायत तमनार से सभी 61 ग्राम पंचायत एगांव अटल चौक पर सुशासन दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। पूर्व विधायक सुनीति राठिया ने कहाकि की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की किसानों को धान बोनस दिए जाने गारंटी को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्रीए भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसम्बर सुशासन दिवस पर किसानों को दो साल के धान की बकाया बोनस राशि का वितरण से किसान बहुत ही खुश है। पूर्व विधायक सुनीति राठिया, जनपद अध्यक्ष सविता कमल राठिया, जनपद उपाध्यक्ष बूढा गौटिया, मण्डल अध्यक्ष बंशीधर चौधरी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विनायक पटनायक, पूर्व डीडीसी अरुण कुमार राय, रमेश बेहरा, गायत्री बेहरा, सहित किसान एवं जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## जनप्रतिनिधियों ने लिया सुशासन का संकल्प

सरिया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिवस पर आज सरिया में भी भाजपा कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्ध नागरिक जनों ने सुशासन का संकल्प लिया। इस अवसर पर अटल चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया। नगर पंचायत सरिया द्वारा आयोजित सुशासन दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता जगन्नाथ पाणिग्राही ने अपने संबोधन में कहा कि मैं शुरू से ही अटल बिहारी बाजपेयी के सानिध्य में रहकर आगे बढ़ा हूं। उनके मार्गदर्शन पाकर मैं आज इस मुकाम पर पहुंचा हूं। उन्होंने उनके साथ व्यतीत किया कुछ पलों को स्मरण के रूप में व्यक्त किया और कहा कि सुशासन से ही समाज का विकास संभव है। आज पूरा देश पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी के 99 वीं जयंती सुशासन के रूप में मना रहा है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल स्वर्णकार, उपाध्यक्ष अरुण शराप, एवं गणमान्य नागरिकों ने भी



अपना विचार व्यक्त किया। नगर पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल स्वर्णकार ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई का 100 वां जन्म दिवस अटल चौक में 2024 में भव्य उत्साह के साथ मनाया जाएगा। साथ ही साथ नगर के अटल चौक में श्रद्धेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके लिए कार्यकर्ताओं का सहयोग रहेगा। अंत में सभी सम्मानित जनों ने संकल्प लिया कि सुशासन के साथ हम समाज का विकास करेंगे। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष परदेसी प्रधान, गोविंद राम अग्रवाल, पार्षद मोतीलाल स्वर्णकार, नेमचंद अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अरूण शराप आदि शामिल थे।

## ऑडिटोरियम में बोनस का प्रमाण पत्र वितरित

अटल सुशासन दिवस के अवसर पर नगर निगम ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के किसानों को धान बोनस वितरण का प्रमाण.पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेलए जिला पंचायत श्रीमती सहोद्रा राठिया, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रोहिणी राठिया, बीडीसी गौरंग साव, बीडीसी बालमुकुन्द सिंह, पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, पार्षद सुभाष पाण्डेय, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में जिले से आए कृषकगण उपस्थित रहे।

## कोतमरा में मनाया गया सुशासन दिवस

**कटेली।** सारंगढ़ अंचल के ग्राम पंचायत कोतमरा में अटल चौक का निर्माण किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर सुशासन दिवस का आयोजन किया गया। कोतमरा पंचायत में टिकी वारे सरपंच सचिव आशा दीप्ती बंजारे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गायत्री चौहान, मालती, बसंत वारे, कमलेश, प्रवेश ने वाजपेयी की पूजा की। इस अवसर पर सचिव आशा दीप्ती बंजारे ने सभी नागरिकों के साथ सुशासन दिवस की शपथ ली और बिहान समूह की महिला सदस्य उपस्थित थे।

## 65 हजार किसानों को 136 करोड़ का बोनस भुगतान

सुशासन दिवस के अवसर पर नगर निगम ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में 65 हजार 212 किसानों को 136ण्11 करोड़ रुपये बकाया धान बोनस राशि का वितरण किया गया। जिसके तहत जिला रायगढ़ में वर्ष 2014-15 में कुल 31 हजार 514 कृषकों को 63ण्46 करोड़ रुपये तथा धान विपणन वर्ष 2015-16 में कुल 33 हजार 698 कृषकों को 72.64 करोड़ बकाया धान बोनस राशि का वितरण किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में इन किसानों को वितरित हुए प्रमाण पत्र कार्यक्रम में कृषक यशवंत, नंदकुमार, कामता प्रसाद, विद्यानंद, कुंजबिहारी, प्रफुल्ल कुमार, टेकलाल, पंचराम, क्षीरसागर, सपन कुमार, नेपाल, प्रेमशंकर, को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## खबर संक्षेप

### आयोजित प्रदर्शनी का ओपी ने किया अवलोकन

**रायगढ़।** शिक्षा के जरिए बदलाव लाने के लिए संकल्पित रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी केबिनेट मंत्री की शपथ लेने के बाद पहली बार नालंदा परिसर प्रति योगी परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे यूवाओ के मध्य पहुंचे। नालंदा परिसर में ही पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर होने वाले प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। 24 घंटे सातों दिन खुले रहने वाली इस लाइब्रेरी में देर रात पहुंचे केबिनेट मंत्री ओपी के साथ जिला कलेक्टर रायपुर सहित अधिकारियों की टीम ने व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया। इस दौरान मंत्री ओपी ने युवाओं से चर्चा करते हुए उनका मार्गदर्शन भी किया। चर्चा के दौरान मिली समस्याओं और सुझावों से युवाओ को आश्वस्त किया गया कि सभी समस्याओं का तत्काल निराकरण होगा। केबिनेट मंत्री ओपी ने कहा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर वातावरण एवं सुविधाएँ उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। रायगढ़ के युवा साथियों के लिए नालंदा परिसर, रायपुर की तर्ज पर सर्वसुविधायुक्त लाइब्रेरी का निर्माण जल्द की शुरू किए जाने के निर्देश दे दिए गए है।

### सभी पारदर्शिता के साथ कार्य करें: कलेक्टर

**सारंगढ़।** जिले के नगरीय निकायों में सुशासन दिवस का आयोजन किया गया। वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई काम्प्लेक्स सारंगढ़ में कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी सहित जनप्रतिनिधियों ने वाजपेयी की पूजा की। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने सभी नागरिकों को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई। डॉ. सिद्दीकी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जन्मदिन को देश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। सुशासन के अनुरूप सभी पारदर्शिता के साथ कार्य करें। वाजपेयी की जीवनी को पढ़कर उनके बताए मार्ग पर चलकर बेहतर नागरिक का कर्त्तव्य निभाएं। अतिथि अजय गोपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी जी की कृतित्व और किसानों के प्रति प्रेम के बारे में भाषण के माध्यम से जानकारी दिया। इस अवसर पर सुभाष जालान, अरविंद हरिप्रिया, अजय गोपाल, मयूरेश केशरवानीर, मनोज जायसवाल, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर टीआर महेश्वरी, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, तहसीलदारगण नेत्रप्रभा सिदार बड़ी संख्या में उपस्थित थे। नगर पंचायत सरिया में सीएमओ माजिद खानए बरमकेला में सीएमओ अनिल सोनवानीए भटगांव में सीएमओ मधुलिका और बिलाईगढ़ में सीएमओ मनीष गायकवाड़ के नेतृत्व में सुशासन दिवस आयोजित किया गया।

### बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**रायगढ़।** रविवार रात हेमू कालानी चौक में बेकाबू बोलेरो ने रोड क्रॉस कर रहे बाइक सवार युवक को ऐसा ठोका कि उसके एक पैर की हड्डी फ्रैक्चर होने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चक्रधर नगर पुलिस फरार बोलेरो चालक की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक रविवार रात 10 बजे केलो ब्रिज पार हेमू कालानी चौक में उस वक्त हड़कम्प मच गया। जब जमुना इन किनारे दुकान की तरफ से बेलादुला मार्ग जा रहे बाइक सवार युवक को शहीद चौक की ओर से तेज रफ्तार बोलेरो के चालक ने ठोकर मारते हुए फरार हो गया। इसलिए जख्मी युवक की हालत को देख आसपास के लोगों ने नजदीकी चक्रधर नगर थाने में फोन किया तो गश्त पर निकली पुलिस गाड़ी में प्रधान आरक्षक सुशील यादव और हेमप्रकाश सोन ने घटना स्थल पहुंचते हुए घायल युवक को जिला चिकित्सालय लेकर गई। डॉक्टर्स ने आहत युवक प्रारंभिक जांच शुरु कर एक्सरे कराया तो उसके बाएं पांव की हड्डी टूटने की पुष्टि हुई।

# दामाद ने ससुर के एटीएम से उड़ाए पैसे, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी अधेड़ की शिकायत पर पुलिस ने उसके दामाद को गिरफ्तार किया है। आरोपी दामाद ने मौका पाकर ससुर के एटीएम से करीब 1 लाख 80 हजार रूपए और अपनी सास के सोने के आभूषण की चोरी की थी। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए करीब 5 माह से फरार चल रहा था। आरोपी दामाद शिवशरण प्रसाद को सोमवार को पंजरी प्लांट क्षेत्र में घूमते हुए गिरफ्तार किया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक 27 जुलाई 2023 को विलासपति मांझी उम्र 54 वर्ष निवासी पंजरी प्लांट ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 14 अप्रैल को उसने अपने एसबीआई खाते का पासबुक प्रिंट कराया तो उसे पता चला 14 जनवरी से 5 अप्रैल के बीच एटीएम से 1 लाख 80 हजार निकाले गए हैं। इसी बीच उसने घर की अलमारी में एटीएम चेक किया तो देखा एटीएम और उसकी पत्नी के सोने के झुमका नहीं है। उसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिए हैं। ऐसे में उसने अपने स्तर पर पता करने की कोशिश की, तब उसे 6 महीने पहले घर में आए



दामाद शिवशरण प्रसाद पर चोरी का शंका हुई। ऐसी स्थिति में उसने चक्रधर नगर थाना में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। अधेड़ की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए मामले को विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान संदेही शिवशरण प्रसाद के निवास स्थान बैकुंठ तिल्दा में चक्रधरनगर पुलिस की टीम द्वारा पतासाजी की गई, तब पता चला कि वह फरार है। उसके फरार होने की जानकारी मिलते ही उसकी पतासाजी के लिए मुखबिरों को लगाया गया। इसी बीच सोमवार को संदेही शिवशरण प्रसाद को पंजरी प्लांट में घूमते देखे जाने की जानकारी मिली। तब मुखबिर की सूचना पर तत्काल चक्रधरनगर पुलिस की टीम द्वारा घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया गया। संदेही शिवशरण प्रसाद से कड़ी पूछताछ करने पर उसने ससुराल से सोने के झुमके और एटीएम से पैसों के आरहण किए जाना स्वीकार करते हुए बताया कि उसने जनवरी माह में अपने ससुराल विलासपति मांझी के घर से अलमारी को खोलकर सोने का झुमका और एटीएम चुराया। एटीएम का पिन नंबर उसे पता था। उसने अलग अलग दिनों में एटीएम से कुल 1 लाख 80 हजार रुपए निकाले। जिसे उसने खाने पीने एवं मौज मस्ती में खर्च कर दिए। ससुराल से अप्रैल माह में अपने घर ट्रेन से तिल्दा जाते समय चलती ट्रेन से कोतरारोड़ फाटक के पास पकड़े जाने के भय से एटीएम कार्ड और सोने के झुमके को फेंक दिया। आरोपी के पास से शेष 500 रूपए जप्त किया गया तथा आरोपी को हिरासत में लेकर कोतरारोड़ रेलवे फाटक के पास एटीएम कार्ड और सोने की झुमका का काफी खोजबीन किया गया जो नहीं मिला। चक्रधरनगर पुलिस द्वारा आरोपी शिवशरण प्रसाद पिता दीपचंद प्रसाद उम्र 34 साल रेल्वे स्टेशन बैकुंठ थाना तिल्दा को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## यात्रियों को असुविधा टैक्स की भी चोरी

**सारंगढ़।** निजी बस संचालकों के कारगुजारी से ना केवल बस मे सठर करने वाले यात्री परेशान हैं बल्कि इससे शासन को भी आर्थिक नुकसान हो रहा है। मनमानी का ऐसा ही एक मामला सारंगढ से सामने आया है जहां सारंगढ़-रायपुर रुट पर चलने वाली श्रेया बस मे परिवहन नियमों की खुलकर अनदेखी हो रही है। बस के यात्रियों को जो टिकट दिया जा रहा है। उस पर ना तो जीएसटी नंबर है और ना ही बस का नाम तथा रुट उल्लेखित है। वहीं बस मे महिलाओं के लिए सीट भी आरक्षित नहीं है। बस यात्रियों के मुताबिक यात्रा के दौरान बस के परिचालक व स्टाफ यात्रियों से अभ्रदता करने से बाज नहीं आते। यहां तक कि यात्रियों को धमकी तक दी जा रही है। बस संचालक के रवैये से यात्रियों मे रोष नजर आने लगा है और दबे मुंह यात्री बस की जांच और कार्रवाई की मांग भी करने लगे हैं।

# रंजिश को लेकर अधेड़ की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छाल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोजिया में एक व्यक्ति ने पुरानी रंजिश को लेकर अधेड़ व्यक्ति की हत्या के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को हिरासत में लेकर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक बीते रविवार की रात ग्राम बोजिया की रहने वाली सुकवारो बाई उम्र 50 साल अपने दो बेटों के साथ थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 23 दिसंबर की दोपहर उसका पति जुगनू सारथी और पूर्व पति दिलसाय सारथी दोनों टांगी लेकर जंगल लकड़ी लेने गये थे। काफी देर बाद जुगनू सारथी घर नहीं लौटा, ऐसे दिलसाय से पूछने पर उसने जुगनू को अकेले मोटर साइकिल में कहीं जाना बताया। 23 और 24 दिसंबर के शाम तक जुगनू को उसके घर वाले ढूंढने निलने। इस दौरान भी उसकी कोई जानकारी नहीं मिली। ऐसे में फिर एक बार दिलसाय से उन्होंने जूगनू के बारे में पूछताछ की। तब दिलसाय सारथी ने पुरानी रंजिश पर पुसलदा बांध के पास जुगनू को कुल्हाड़ी से मारकर हत्या करने की बात कबूल की। इस बात की जानकारी जब पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव एवं घटनास्थल का निरीक्षण कर शव का पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आरोपी दिलसाय सारथी पर हत्या का अपराध



पंजीबद्ध कर तत्काल हिरासत लिया गया, जिससे घटना को लेकर पूछताछ करने पर उसने हत्या की बात स्वीकार की। आरोपी ने बताया कि सुकवारो बाई से उसकी शादी हुई थी। दोनों में अनबन होने पर सुकवारो तीन बच्चों को लेकर अपने मायके बोजिया आ गई और सक्ती जिले में रहने वाले जुगनू सारथी को पति बनाकर मायके में रहने लगी। तब वह अपने बच्चों से मिलने बीच बीच में ग्राम बोजिया आता था और 20 साल से जुगनू के सुकवारो को पत्नी बनाकर रखने के कारण पत्नी और बच्चे बात नहीं करते थे। जिससे जुगनू पर रंजिश रखता था और इस बार ग्राम बोजिया आने पर उसने मौका देखकर जंगल में बांध के पास कुल्हाड़ी से जुगनू की हत्या कर दिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे की कुल्हाडी टांगी और घटना समय पहने आरोपी दिलसाय के कपड़े बरामद कर आरोपी दिलसाय सारथी पिता रामरतन सारथी उम्र 55 साल निवासी ग्राम खडगांव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर की गई थी ठगी, अब वापस मिलेगी राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

साइबर सेल की टीम द्वारा ऑनलाइन ठगी के शिकार हुये युवक के शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पीड़ति के खाते से गये 1.51 लाख रुपए होल्ड कराकर न्यायालय के माध्यम से पीड़ति को वापस कराया गया है। चक्रधरनगर क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले अनिल माधवनी के साथ गत अगस्त माह में साइबर ठगों ने टेलीग्राम के माध्यम से पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर रुपए की ठगी किया गया था।




आवेदक द्वारा समय रहते ऑनलाइन ठगी की शिकायत संबंधित थाना चक्रधरनगर एवं साइबर सेल जाकर किया गया। साइबर सेल के हेल्प डेस्क की टीम द्वारा आवेदक से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर ऑनलाइन साइट साइबर पुलिस पोर्टल पर दस्तावेज अपलोड कर रूपयों को होल्ड कराया गया। थाना प्रभारी चक्रधरनगर द्वारा पीड़ति के आवेदन पर आवेदक के विभिन्न खातों को धारा 102 सीआरपीसी की कार्रवाई कर होल्ड किया गया। तदुपरांत आवेदक द्वारा न्यायालय में होल्ड रूपयों को वापस प्राप्त के लिए आवेदन दिया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रायगढ भास्कर मिश्र के न्यायालय से आवेदक प्रार्थी अनिल माधवनी के आवेदन पर थाना प्रभारी चक्रधरनगर तथा प्रभारी साइबर सेल से प्रतिवेदन की मांग कर जांच उपरांत आवेदक के विभिन्न बैंक खातों में हॉल कराए गए कुल राशि 1 लाख 51 हजार 784 रुपए को अनहोल्ड करने का आदेश जारी किया गया है। अब शीघ्र ही आवेदक पीड़ित को ठगी किया रूपये वापस प्राप्त होगा। आवेदक पीड़ित अनिल माधवनी द्वारा साइबर सेल के डीएसपी दीपक मिश्रा व उनकी टीम का आभार व्यक्त किया गया है।

## 27 को समाज को समर्पित होगा भवन, आयोजन को भव्य बनाने में जुटे ट्रस्टी

# नवनिर्मित अग्रोहा भवन का ओम बिड़ला करेंगे लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

करीब 35 करोड़ की लागत से बने अग्रोहाधाम का लोकार्पण 27 दिसंबर को लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के हाथों किया जाएगा। अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण सामाजिक भवन के लोकार्पण में सूबे के मुखिया विष्णुदेव साय समेत अग्र समाज के गणमान्यजन मौजूद रहेंगे। श्री अग्रोहाधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी इस आयोजन को भव्य बनाने में पूरे मनोयोग से जुटे हुए हैं। बुधवार को देश का सबसे बड़ा अग्रोहा भवन समाज को समर्पित हो जाएगा।

श्री अग्रोहा धाम चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, सचिव सुशील मित्तल ने जानकारी देता हुए बताया कि 6.40 एकड़ में स्थिति अग्रोहाधाम सर्वसमाज के लिए बुकिंग प्रारंभ की जा चुकी है जिसमें काफी न्यूनतम राशि मै वैवाहिक, धार्मिक सामाजिक कार्यक्रम हेतु वर्ष भर उपलब्ध रहेगा साथ ही 84 कमरे, 5000 फुट का बैंक्वेट हाल, 40 हजार फुट का ओपन लॉन शानदार किचन 200 कार की पार्किंग स्टाफ डॉरमेट्री के साथ सम्पूर्ण सुविधा रायगढ़ के लिए एक गौरवशाली धरोहर होगी। कार्यक्रम में छतीसगढ़ के अलावा निकटवर्ती राज्यों के अग्रवाल समाज प्रमुख का आगमन होने की सूचना संस्था को प्राप्त हो रही है। अतिथियों के स्वागत मै भव्य आतिशबाजी व लाइटिंग की सजावट रंग बिरंगे टेंटों पर महाराजा अग्रसेन जी की छाया चित्र के साथ मानो ये पूरा अग्रोहाधाम मिनी हरियाणा के रूप में आकृति लिए हुए सेठ किरोड़ीमल की नागरी को दान शीलता




काएक नया अध्याय लिखता प्रतीत हो रहा है।

27 दिसम्बर को अतिथियों का आगमन पश्चात 4.50 बजे फीता काट कर लोकार्पण 4.55 बजे महाराजा अग्रसेन की मूर्ति पर दीप प्रज्वलन 5 बजे दानदाताओ कीविभिन्न स्मृति पटल का अतिथिओ द्वारा लोकार्पण 5.10 बजे लक्ष्मी नारायणमंदिर में पुष्प अर्पित कर 5:15 बजे मंच पर अतिथियों का आगमन स्वागत उद्बोधन पश्चात 6:45 बजे से ट्रस्टी, कमरा दानदाता, प्लैटिनम, डॉरमेंट्रीलिफ्ट दानदाता, डायमंड गोल्डन, सिल्वर, सहित विशेष दाननदताओ को मंच सेमोमेंटों अतिथियों दद्वारा दे कर आभार व्यक्त किया जाएगा तथा तत्पश्चात अग्र के लिए राजकुमारी माता माधवी की हाइटी व रसोई का आयोजन किया गया है। अग्रोहाधाम चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष राकेश अग्रवाल ट्रस्टी दीपक डोरा ने सभी छतीसगढ़ प्रदेश के अग्र बंधुओ से व रायगढ़ के अग्रवाल परिवारों से सपरिवार आने की अपील की है। साथ ही 27 दिसम्बर को प्रत्येक घरों में 11 दीप व अगर ध्वज लगाकर महाराजा अग्रसेन जी के इस लोकार्पण को तयोहार जैसा स्वरूप प्रदान करने का आग्रह किया है। अग्रोहाधाम में 31 ट्रस्टीओं की सहभागिता प्रारंभ से रही है। राधेश्याम लेन्ध्रा, मोहन अग्रवाल, नर्सिंग केडिया, राकेश अग्रवाल, सुशील मित्तल, संजय अग्रवाल, जगदीश बंसल, बंटी प्रमोद अग्रवाल, पंकज होंडा, आनंद बंसल, सुनील रामदास, दीपक अग्रवाल डोराए राजकुमार अग्रवाल गोडम, नानक बंसल, अजय जैन नर्मदा अग्रोहाधाम का यह लोकार्पण में समाज के प्रत्येक अग्रबंधु, युवा, मातृ शक्ति सहित सभी नागरिकों में हर्षोल्लास का पर्व जैसा माहौल रायगढ़ मै एक नयाकीर्तिमान सर्वसुविधा युक्त अग्रोहाधाम के रूप मै हो कर भारत के मानचित्र में रायगढ़ का नाम गौरवशाली होने जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### बालाजी मंदिर में सप्ताह भर बहेगी भागवत ज्ञान गंगा



**जशपुरनगर।** स्थानीय बालाजी मंदिर में सत्यनारायण नंदे परिवार एवम धर्मजागरण समिति के संयुक्त तत्वाधान में भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। 25 दिसंबर से प्रारंभ होकर 1 जनवरी तक चलने वाले भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह को प्रातः 9 बजे ढोल नगाड़े के साथ शहर की महिलाएं और भक्त गण ने कलश यात्रा के साथ प्रारंभ किया। इस पूरे भागवत सप्ताह में पंडित बलराम शास्त्री बृंदावन वाले कथा वाचन करेंगे। पहले दिन श्रीमद् भागवत मंगला चरण महात्म्य भक्ति नारद संवाद धुंधकारी मोक्ष परिक्षित का जन्म एवम वन भ्रमण कलियुग का मिलना एवम कलियुग को वरदान प्राप्ति शुक्रदेव आगमन की कथा से शुरुआत होगी।

### अवैध उत्खनन पर की जा रही कार्रवाई

**जशपुरनगर।** जिले में खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण पर नियमित रूप से कार्यवाही करते हुए माह दिसम्बर 2023 में अवैध उत्खनन के 01 प्रकरण, अवैध परिवहन के 5 प्रकरण दर्ज करते हुए 03 प्रकरण में कुल 31,440 रुपए अर्थदण्ड व समझौता राशि वसूल की गई है। साथ ही शेष 03 प्रकरण में कार्यवाही किया जा रहा है। खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-2024 में अवैध उत्खनन के 06 प्रकरण, अवैध परिवहन के 28 प्रकरण एवं अवैध भण्डारण के 01 प्रकरण दर्ज कर कुल 3,51,053 रूपये अर्थदण्ड व समझौता राशि वसूल की गई है। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2022-2023 में अवैध उत्खनन के 22 प्रकरण, अवैध परिवहन के 25 प्रकरण एवं अवैध भण्डारण के 05 प्रकरण दर्ज कर कुल 6,52,255 रूपये अर्थदण्ड व समझौता राशि वसूल की गई है।

### विद्युत बिल समस्या निवारण शिविर आज से

**जशपुरनगर।** विद्युत विभाग द्वारा जिले में बिजली बिल समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत छ रा वि वि कं संभाग पत्थलगांव के अतंर्गत वितरण केन्द्र तपकरा, फरसाबहार और अंकिरा के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में बिजली बिल समस्या निवारण शिविर के लिए 26 दिसंबर 2023 से 22 फरवरी 2024 तक की तिथि निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि में 28 चिन्हांकित ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। चिन्हांकित ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत जामबहार, ग्राम पंचायत घमुरा, ग्राम पंचायत पुराईनबंध, ग्राम पंचायत बांसाझाल, ग्राम पंचायत लावाकेरा, ग्राम पंचायत संडरू, ग्राम पंचायत अमडीहा, ग्राम पंचायत फरसाबहार, ग्राम पंचायत कंदईबहार, ग्राम पंचायत खुटगांव, ग्राम पंचायत बनगांव, ग्राम पंचायत मेण्डबहार, ग्राम पंचायत बोखी, ग्राम पंचायत सहसपुर, ग्राम पंचायत भगोरा, ग्राम पंचायत धौरासांड़, ग्राम पंचायत तुबा, ग्राम पंचायत तुमला, ग्राम पंचायत बारो, ग्राम पंचायत सागजोर, ग्राम पंचायत बाबुसाजबहार, ग्राम पंचायत कोल्हेनझरिया, ग्राम पंचायत भेलवा, ग्राम पंचायत गझियांडीह, ग्राम पंचायत माटीपहाड़छर्रा, ग्राम पंचायत कोरंगामाल, ग्राम पंचायत जोरण्डाझरिया और ग्राम पंचायत अंकिराशामिल हैं।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए 29 तक आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस, एवं बुद्धिमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाना है। इसके तहत 5 बालक, बालिकाओं को 25 हजार रुपये की राशि तथा प्रशस्ति पत्र सम्मान के रूप में प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित है। ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने अपनी जान की परवाह किये बिना 1 जनवरी से दिसम्बर 2023 के मध्य अद्भुत वीरता का कार्य किया हो, किसी दूसरे की जान बचाने का पराक्रम किया हो, को सम्मानित किया जाता है।

## 16240 किसानों को 34 करोड़ 88 लाख की राशि का किया गया भुगतान

# सुशासन दिवस पर धान का बकाया बोनस वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती 25 दिसम्बर को राष्ट्रीय सुशासन दिवस के रूप में जिला मुख्यालय के मंत्रणा सभाकक्ष में मनाया गया। इस अवसर पर जिले के किसानों को वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर समितियों के माध्यम से तथा छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड द्वारा उपार्जित धान पर प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया गया।

- मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन किसानों के खाते में धान बोनस राशि किया हस्तांतरित

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हितग्राही कृषकों से संवाद किया और किसानों के खाते में ऑनलाइन जिले के 16240 किसानों को धान बकाया बोनस राशि कुल 34 करोड़ 88 लख रुपए की राशि हस्तांतरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जशपुर विधायक रायमुनी भगत शामिल हुईं और धान बोनस राशि वितरण होने पर किसान बंधुओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। इसके तहत स्वच्छता पखवाड़ा सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित की जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में कार्यक्रम आयोजित हो रहा है जिसके माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

उन्होंने लोगों से योजनाओं का लाभ लेने आग्रह किया। प्रदेश सहित जिले में सभी क्षेत्रों में विकास किया जाएगा। विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा के लिए सर्वे किया जा रहा है। क्षेत्र में विकास कार्य किया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर डॉ रवि मित्तल, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, पूर्व पर्यटन मंडल के अध्यक्ष कृष्णा राय, नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, जनपद सदस्य श्रीमती शारदा प्रधान, विजय आदित्य सिंह जूदेव, सत्येंद्र सिंह, विनोद मिश्रा, कृपाशंकर भगत, पदाधिकारी गण, किसान बंधु एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



प्रमाण पत्र वितरण करती विधायक रायमुनी।

### सभी विकासखण्ड में कार्यक्रम आयोजित

जशपुर विकासखंड में कलेक्टोरेट मंत्रणा कक्ष, मनोरा में हाई स्कूल सभागार, बगीचा में एनआरएलएम भवन, कांसाबेल में मंगल भवन, कुनकुरी में जनपद पंचायत सभागार, दुलदुल में मंगल भवन, फरसाबहार में सामुदायिक भवन एवं पत्थलगांव में इंडोर स्टेडियम हाल में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

### किसानों को धान बोनस राशि प्रमाण पत्र का किया वितरण

इस दौरान मुख्य अतिथि श्रीमती रायमुनि भगत ने अनारथ साय, कश्मीर कुजूर, निकोलस, पुरंदर साय, बंधु राम, बलदेव सिंह, श्री बनेशेवर साव, शिशिर सिंह परमार, सर्वेश्वर सिंह सहित अन्य किसानों को धान बोनस राशि प्रमाण पत्र का वितरण किया और बधाई दी। गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा कृषकों से निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान पर 300 रूपए प्रति क्विंटल की दर से पूर्व के वर्षा का बकाया धान उत्पादन प्रोत्साहन योजना के तहत जिले में कुल 34 करोड़ 88 लख रुपए की राशि का भुगतान किया गया। खरीफ वर्ष 2014-15 में जिले के 8 हजार 64 किसानों को 16 करोड़ 14 लाख एवं 2015-16 के 8 हजार 179 किसानों को 18 करोड़ 75 लाख बोनस का लाभ मिला। इनमें जशपुर विकासखंड के 142 किसानों को 35 लाख, दुलदुला विकासखंड के 403 किसानों को 63 लाख, मनोरा के 264 किसानों को 36, बगीचा के 1147 किसानों को 2 करोड़ 18 लाख, कुनकुरी के 657 किसानों को 1 करोड़ 50 लाख, फरसाबहार के 998 किसानों को 2 करोड़ 20 लाख, कांसाबेल के 984 किसानों को एक करोड़ 78 लाख और पत्थलगांव के 3469 किसानों को 7 करोड़ 14 लाख की राशि भुगतान किया गया।

## बकाया बोनस का वितरण कर भाजपा ने सच कर दिखाया मोदी की गारंटीः गुप्ता

भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी के तहत जो भी वायदे पूरे किये थे,वो सभी पूरे किए जाएंगे।

- कांसाबेल में 3 करोड़ 69 लाख बोनस का वितरण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शपथ ग्रहण करने के साथ ही,इस दिशा में तेजी से काम करना शुरू कर दिया है। कैबिनेट की पहली ही बैठक में 18 लाख से अधिक प्रदेशवासियों को पीएम आवास मिल चुका है। महतारी वंदन योजना, अनुपूरक बजट में शामिल किया जा चुका है। और आज, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के किसानों को दो साल के बकाया बोनस राशि का भुगतान कर दिया है। उक्त बातें, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुनिल गुप्ता ने कही। वे कांसाबेल के मंगल भवन में आयोजित सुशासन दिवस के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत के सदस्य सालिक साय भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाध्यक्ष गुप्ता ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की छायाचित्र में माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष गणेश जैन, भूषण वैष्णव, आलोक सारथी, सुदाम पंडा, सूरज साय, केशव पांडे, घनश्याम अग्रवाल, अमित जिंदल, विवेक अग्रवाल, सुभाष चंद्र, हनुमान पारिक, गणेश गुप्ता के साथ हितग्राही किसान, स्थानीय अधिकारी व आमजन शामिल थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सुशासन की शुरूआत प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के साथ ही हो चुकी है। बीते पांच साल में कांग्रेस के कुशासन के दौरान,छत्तीसगढ़ के विकास को जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई करते हुए, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश, विकास की एक नई उंचाई को छुएगी। डीडीसी सालिक साय ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने जिस सपने को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की थी,उसे पूरा भी भाजपा ही करेगी। प्रदेश के सभी वर्गों का ख्याल सरकार रख रही है। जशपुर के माटीपुत्र विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने से,जशपुरवासियों का सपना पूरा हुआ है, साथ ही भाजपा ने आदिवासी समाज का मान भी बढ़ाया है।



अटल विहारी वाजपेयी तैल्य चित्र पर माल्यर्पण करते अतिथि।

### अन्नदाता को 3 करोड़ 69 लाख बोनस का वितरण

कांसाबेल ब्लाक में सोमवार को 3 करोड़ 69 लाख रूपये बकाया धान बोनस का वितरण किया गया। सरकारी आंकड़े के अनुसार 2014-15 में 984 किसानों का 1 करोड़ 78 लाख और 2015-16 955 किसानों का 1 करोड़ 91 लाख रूपये का बोनस का वितरण किया गया है।

## सुशासन दिवस पर किसानों को मिला बड़ा तोहफा

पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन सुशासन दिवस पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा एक और गारंटी पूर की गई। आज जशपुर जिला सहित पूरे प्रदेश भर के किसानों को दो साल के बकाया बोनस का भुगतान किया गया। बोनस राशि वितरण समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य के 11 लाख 76 हजार 815 किसानों को 3 हजार 7 सौ 16 करोड़ रुपये के बकाया बोनस राशि का वितरण किया। जिसमें जशपुर जिले के 16240 किसानों को 34 करोड़ 88 लाख की राशि का भुगतान किया गया। वर्चुअल माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में जिले भर से सैकड़ों किसान जुड़े हुए थे। कलेक्ट्रेट मंत्रणा कक्ष में कार्यक्रम में अतिथि जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने किसानों को बोनस राशि प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस दौरान जशपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत तुरीलोदाम के किसान बलदेव सिंह से बताया कि उन्हें खरीफ वर्ष 2014-15 एवं वर्ष 2015-16 के 300 रूपए प्रति क्विंटल की दर से कुल 1 लाख 62 हजार 6 सौ रुपए की बोनस राशि प्राप्त हुई है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय जी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि आज बोनस के रूप में प्राप्त राशि का वे कृषि कार्य, परिवार एवं नाती-पोती की शादी-विवाह में लगाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि "मोदी की गारंटी"को सरकार पूरी कर रही है और किसानों के हित में सरकार बड़ा फैसला ले रही। जिससे हम सभी किसानों को बेहतर लाभ मिलेगा। तुरीलोदाम के बलदेव सिंह मूल रूप से किसान है और खेती-किसानी करके परिवार का जीविकोपार्जन करते है। उन्होंने बताया कि उनका 30 एकड़ से अधिक की जमीन है। जहां वे पूर्ण रूप से खेती-किसानी करते है। उनके परिवार में 10 से अधिक सदस्य है। जशपुर के किसान शिशिर परमार ने बताया कि उन्हें कुल 72 हजार रुपए की बोनस राशि प्राप्त हुई है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी बहुत-बहुत धन्यवाद आभार प्रकट किया है।



किसानों को किया गया प्रमाण पत्र का वितरण।

इसी तरह धान बोनस की राशि जारी होने पर जिले भर के किसानों ने छत्तीसगढ़ सरकार का आभार व्यक्त किया हैं। किसान श्री अनारथ साय और श्री उगन साय ने भी मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने सदैव किसान हित में कार्य किया है व किसानों के दर्द को करीब से समझा है। मुख्यमंत्री श्री साय सदा ही किसानों के हित की बात की है। जशपुर के किसान काशमीर कुजूर, निकोलस ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत आज धान का बकाया बोनस की राशि एकमुश्त देख कर सभी किसानों को बड़ा तोहफा दिया है, सभी किसान बहुत उत्साहित है। सरकार की किसान हितों वाली फैसला से हम खुश है। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान ख़रीदी के लिए भी सरकार और मुख्यमंत्री का बहुत-बहुत आभार धन्यवाद। इसके साथ ही जिले के किसान बानेश्वर साव, रामकिशुन, रामसेवक राम सहित अन्य किसानों ने भी छत्तीसगढ़ सरकार का आभार व्यक्त किया है।

## सुशासन के लिए भाजपा प्रतिबद्धः गोमती

**पत्थलगांव।** अपने तय कार्यक्रम के तहत विधायक श्रीमती गोमती साय रायगढ़ रोड में राज्य सरकार के स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लेने के बाद शारदा मंदिर के पास स्वछता दीदी एवं भाजपा पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ स्वछता अभियान में भाग लिया।

- पत्थलगांव पहुंची विधायक गोमती साय

इसके बाद नगर पंचायत के वृद्ध जनों का सम्मान समारोह में भाग लिया। सम्मान समारोह में नगरपंचायत क्षेत्र के वृद्ध जनों को साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। साथ ही वहां मौजूद पत्रकार आमजन, भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं प्रशासन के अधिकारि कर्मचारियों के बीच सुशासन के लिए एकसाथ शपथ लिया गया। विधायक गोमती साय ने सब के सामने कहते हुए सुशासन के लिए अपनी प्रतिबद्धता बताते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि आज आप सभी के बीच मैं पहुच कर बहुत खुश हूं। आप सभी ने इतने छोटे कार्यक्रम को इतना बड़ा बना कर दिखाया इससे आप सभी लोगों का मेरे प्रति प्यार झलकता है।



इसके बाद रेस्टहाउस में आमजनों के साथ मिले जिसमें मुख्य रूप से पत्थलगांव के मुख्य समस्याओं को विधायक गोमती साय के सामने रौनियार समाज के अध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन यादव, मुकेश अग्रवाल, दुर्गा नायक ने शहर के सिविल अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर एवं जीवन उपयोगी मशीनों के साथ आईसीयू को बेहतर ढंग से शुरु करने व पत्थलगांव शहर को रिंग रोड रायगढ़ रोड से अम्बिकापुर,रायगढ़ से जशपुर एवं अम्बिकापुर से जशपुर रोड का काम शुरू कराने की बात रखी। साथ ही पत्थलगांव को पीने का पानी की समस्या से निजात दिलाने व क्षेत्र वासियों की बहु प्रतिक्षित मांग बांध बनाने की रही है जिससे पत्थलगांव क्षेत्र वासियों को कम दूरी में पीने का पानी उपलब्ध हो सकेगा वर्तमान में पत्थलगांव में बोर खनन करने समय 1000 से 1200, फिट तक मे भी पानी उपलब्ध नही हो पा रहा है कारण है कि पत्थलगांव क्षेत्र में पानी का ठहराव के लिए कोई बांध या अन्य उपाय नही है। एक मात्र छोटा सा नाला जहां से पानी बहता है। डुंडुंग जोर नाला जहां अगर बांध बनाया जाता है। तो क्षेत्र वासियों को कम दूरी में ही पाइन का पानी उपलब्ध हो सकेगास राशि वितरण कार्यक्रम में शामिल हुई जहां कुल 116 किसानों को धान बोनस दिया गया मौजूद किसान काफी खुश दिखे धान बोनस कार्यक्रम में विधायक गोमती साय ने किसानों को बोनस का प्रमाण पत्र देकर कहा कि ये बोनस आप लोगो के लिए है। जिसे हमारी भारतीय जनता पार्टी की छतीसगढ़ सरकार ने दिया है। ने सभी से कहा कि ये भाजपा की सरकार आपकी की अपनी सरकार है। हम आप सभी के सभी हितों का ध्यान रख कर कार्य करेंगे पहली प्राथमिकता आप सभी के क्षेत्र की समस्याओं को जल्द दूर करने का होगा जो आने वाले दिनों में आप देखेंगे इस पूरे कार्यक्रम में भाजपा के महामंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव , भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, मण्डल अध्यक्ष अनिल मित्तल, ग्रामीण मंडल प्रभारी हरजीत सिंह भाँटीयां, नगरपंचायत के उपाध्यक्ष श्यामनारायण गुप्ता, भाजपा युवामोर्चा के शोर्य प्रताप सिंह जूदेव वार्ड नम्बर 10 के पार्षद अजय अग्रवाल, मण्डल महामंत्री अंकित बंशल, मण्डल भाजपा जिला युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नरेश यादव,लुड़ेग तमता मण्डल महामंत्री जगदीश यादव, मण्डल महामंत्री सुरेश यादव, जिला सदस्य युवामोर्चा, रविशंकर यादव तमता के उप सरपंच विशाल अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, आदि मौजूद रहे।

## 1997 किसानों को दो वर्षों का बोनस मिला चार करोड़ सत्तासी लाख रुपये

**फरसाबहार।** जशपुर जिले के फरसाबहार विकासखंड अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति तपकरा में पंजीकृत किसानों को अटल सुशासन दिवस के उपलक्ष्य पर भारतीय जनता पार्टी अपने चुनावी वादे के अनुसार दो वर्षों का धान बोनस दे रही है। फरसाबहार विकासखंड मुख्यालय के सामुदायिक भवन में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रोहित साय के कर कमलों से वर्ष 2014-15 में पंजीकृत 998 किसानों को 2 करोड़ 20 लाख रुपये एवं 2015-16 में पंजीकृत 999 किसानों को 2 करोड़ सड़सठ लाख रुपये, इस प्रकार दो वर्षों का 1997 किसानों को 4 करोड़ 87 लाख रुपये का बोनस राशि का प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

- बकाया बोनस राशि मिलने से किसान उत्साहित




मुख्य अतिथि रोहित साय ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया। उनके प्रधानमंत्री बनते ही भारत के गांवों तक पक्की सड़कें पहुंची। उनके योगदानों को सम्मान देने के लिए हम सुशासन दिवस मनाते हैं।अटल जी जब प्रधानमंत्री बने तक तब किसानों को क्रेडिट कार्ड मिलना शुरू हुआ। विष्णु देव साय के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही कैबिनेट में सबसे महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। और अब 18 लाख गरीब परिवार को अपना आवास मिलेगा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए सुशासन दिवस पर किसानों को बोनस दिया गया।

धान बोनस वितरण समारोह में उपस्थित किसानों को भजन साय, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष वेदप्रकाश भगत, तपकरा भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिलेश्वर सिंह एवं तेजस्वरी सिंह ने संबोधित करते हुए। पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी थे। जिन्होंने हमे हमारा राज्य दिया, हमारी पहचान दी। छत्तीसगढ़ राज्य हमारे भारतीय जनता पार्टी ने बनाया है और अब हम ही इसे संवारेंगे। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय साय पैंकरा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती शकुंतला पांडेय, नटवर मूंदड़ा, संतोष जायसवाल, मनोज जायसवाल, बद्रीनाथ आपट, हरिशंकर यादव, गणेश यादव, लक्ष्मी नारायण पटेल, यदुवार गुप्ता, राधिका पैंकरा, श्रीमती पैंकरा, एस डी एम प्रदीप राठिया, सीआई जनपद पंचायत धनेश टेंगवार सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

## विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने से जशपुरवासियों का सच हुआ सपना : राय

**जशपुरनगर।** पांच साल के कांग्रेस के कुशासन के विरूद्ध संघर्ष के बाद जिले की तीनों विधानसभा सीटों में जो भाजपा को जीत मिली है, यह पार्टी के कार्यकर्ताओं की मेहनत और जिलेवासियों के विश्वास की जीत है। प्रदेश में सरकार बनने के बाद, कार्यकर्ताओं का ध्यान रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। यह बातें जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण कुमार राय ने कही। वे, जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में शामिल पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

बैठक का आयोजन सोमवार को आयोजित होने वाले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर सुशासन दिवस और 28 दिसंबर को प्रस्तावित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रथम जिला प्रवास पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार विमर्श करने के लिए आहूत की गई थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने बताया कि सोमवार को सुशासन दिवस के अवसर पर जिले के सभी अटल चौक पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही मंडल और बूथ स्तर पर भी कार्यक्रम का आयोजन प्रभारियों को सुनिश्चित करना है। 26 दिसंबर को सिक्ख धर्म के 10 वें गुरू, गुरू गोविंद सिंह के वीर बलिदानी पुत्रों की वीर गाथा का स्मरण करने और आम लोगों को वीरगाथा की जानकारी को आम लोगों को अवगत कराने के लिए वीर बाल बलिदान दिवस का आयोजन किया जाना है।




## सड़क पर यमदूत बनकर दौड़ रहे ट्रैक्टर 24 घंटे के भीतर 3 लोगों की गई जान

**जांजगीर-चांपा।** सड़क पर ट्रेक्टर यमदूत बनकर दौड़ रहे हैं। दो अलग अलग स्थानों पर ट्रेक्टर के ख़ूनी पहिये ने 24 घंटे के भीतर ही तीन लोगों को चपेट में ले लिया। हादसों में बाइक सवार दो नाबालिग और एक कोटवार की मौत हो गई।

दरअसल अधिकांश लोग क़ृषि कार्य के लिए ट्रेक्टर लेते हैं, लेकिन इसका उपयोग अन्य कार्यों में करते हैं। खेतों की बजाए ट्रेक्टर सड़क पर दौड़ती नजर आती है। ये ट्रेक्टर सड़क पर यमदूत बनकर दौड़ लगा रहे हैं। सक्ती जिले में पिछले 24 घंटे के भीतर दो ट्रेक्टर ने 3 लोगों की जान ले ली। पहली घटना शनिवार की शाम बाराद्वार थाना क्षेत्र की है। बघौदा निवासी 15 वर्षीय भूपेंद्र सूर्यवंशी अपने एक नाबालिग साथी अभय सूर्यवंशी के साथ बाइक से बाराद्वार की ओर जा रहा था। रास्ते में ग्राम सरहर में तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। बाइक सवार भूपेंद्र और अभय को गंभीर चोट आई और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे को अंजाम देने के बाद ट्रेक्टर चालक मौके से फरार हो गया। इधर दूसरी घटना हसौद थाना क्षेत्र के पेण्ड्री गांव में हुई। कोटवार अनिल दास महंत बाइक पर सवार होकर अपने काम से चिस्दा गया था। वह चिस्दा से लौट रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रेक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार कोटवार अनिल दास महंत को गंभीर चोट आई। उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। दोनों ही मामले में ट्रेक्टर चालकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।





# 150 करोड़ के पार पहुंचा 'डंकी' का कलेक्शन..

**मुंबई।** अभिनेता शाहरुख खान की फिल्म 'डंकी' ने दुनियाभर में टिकट खिड़की पर तीन दिन में 157.22 करोड़ रुपये की कमाई की है। फिल्म के निर्माताओं ने रविवार को यह जानकारी दी। राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी फिल्म 'डंकी' शाहरुख खान की इस साल प्रदर्शित हुई तीसरी फिल्म है, जो बृहस्पतिवार को रिलीज हुई थी। फिल्म में शाहरुख के अलावा तापसी पन्नू, विक्की कौशल, बोमन ईरानी, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर मुख्य भूमिका में हैं। 'डंकी' के निर्माण में शामिल कई प्रोडक्शन हाउस में से एक 'रेड चिलीज एंटरटेनमेंट' ने अपने आधिकारिक 'एक्स' पृष्ठ पर टिकट खिड़की के आंकड़े साझा किए।

**लाइफ Style**

# तृप्ति

## रश्मिका ने कराया कंफर्टेबल फील

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म से उन्हें वो शोहरत मिली है, जिसकी उन्हें लंबे समय से दरकार थी। तृप्ति को लेकर कई मीडिया इंटरव्यू हो चुके हैं। उन्हें बड़ी-बड़ी फिल्मों के ऑफर मिलने की बात भी सामने आई है।

एनिमल से तृप्ति को लाइमलाइट तो खूब मिली है, लेकिन फिल्म में उनका रोल मात्र 15 मिनट का था। जबकि, लीड एक्ट्रेस के रोल में रश्मिका मंदाना थीं। हालांकि, रश्मिका से ज्यादा लोग तृप्ति के बारे में बात कर रहे हैं। कहा जाता है कि एक म्यान में दो तलवार नहीं रह सकतीं। सेट पर तृप्ति के साथ रश्मिका का बर्ताव कैसा था, वह उनके साथ अच्छी थीं या नहीं, इसका खुलासा तृप्ति ने किया है। तृप्ति से पूछा गया कि सेट पर रश्मिका का उनके साथ कैसा बिहेवियर था। उन्होंने कहा कि उनके साथ किसी भी तरह का निगेटिव माहौल नहीं था। उन्होंने कहा कि रश्मिका उनके पास आईं और उन्हें गले लगाया। वह यह समझ पा रही थीं कि तृप्ति को ऑकवर्ड फील हो रहा है। तृप्ति ने बताया कि रश्मिका ने उन्हें कंफर्टेबल फील कराने की कोशिश की और एक नामी एक्ट्रेस के तौर पर उनकी ये क्वॉलिटी उन्हें बहुत पसंद आई। तृप्ति डिमरी ने खुद को रणबीर कपूर की फैन बताया। उन्होंने कहा कि वह रणबीर के साथ हमेशा से काम करना चाहती थीं और एनिमल वो मीडियम बना। रणबीर अपनी परफॉर्मेंस को लेकर सीरियस रहते हैं। तृप्ति ने बताया कि अपनी आर्ट और काम पर रणबीर की इतनी मजबूत पकड़ है कि उनसे बहुत कुछ सीखने को मिल सकता है।



**हॉलीवुड मसाला**



# लगा यौन उत्पीड़न का आरोप

**लॉस एंजेलिस।** 'फास्ट एंड फ्यूरियस' एक्टर विन डीजल को लेकर हाल ही में एक बड़ी खबर सामने आई है। खबर है कि विन डीजल पर उनकी एक्स असिस्टेंट ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। लॉस एंजेलिस में दायर मुकदमे के अनुसार, एस्टा जोनासन का दावा है कि एक्टर ने अटलांटा में 'फास्ट फाइव' के सेट पर काम करने के दौरान 2010 में उनका यौन उत्पीड़न किया था। मुकदमे के अनुसार सितंबर 2010 में देर रात के बाद जोनासन को सेंट रेगिस होटल में डीज़ल के होटल में रहने के लिए कहा गया था।



# बॉसी लुक में स्पॉट हुईं बेला हदीद...

**लॉस एंजेलिस।** बेला हदीद हॉलीवुड इंडस्ट्री की मोस्ट ब्यूटीफुल एक्ट्रेसेस में से एक हैं। इवेंट, पार्टीज में अक्सर वह अपनी बोल्डनेस का तड़का लगाती नजर आती हैं। इसी बीच बीते दिन एक बार फिर उनका हॉट अवतार देखने को मिला। एक्ट्रेस को न्यूयॉर्क सिटी में एक फोटोशूट के लिए स्पॉट किया गया, जहां वह अपने लुक से सबको इंप्रेस करती नजर आईं। लुक की बात करें तो सुपरमॉडल का ऑफ व्हाइट शर्ट के साथ ओपन लैदर जैकेट और ब्लैक पैंट बॉस लेडी लुक देखने को मिला। इस लुक को उन्होंने ट्रांसपेरेंट शेड्स, कानों में बालियां और खुले बालों से कंप्लीट किया और बगल में ब्लैक पर्स कैरी किया।



# अभिनेत्री श्रिया बनीं टॉप ऑफ द टाउन...

**मुंबई।** साउथ एक्ट्रेस श्रिया रेड्डी ने 'सालार' में अपनी दमदार परफॉर्मेंस से लोगों को इंप्रेस कर दिया है। मूवी में उन्होंने 'राधा रामा' का रोल प्ले किया है और स्क्रीन पर एक्ट्रेस को देखकर लोग उनके दीवाने हो गए हैं। 17 साल बाद श्रिया ने 'सालार' से टॉलीवुड में वापसी की है और अपने शानदार कमबैक से मूवी लवर्स को अपना मुरीद कर दिया है। वहीं, एक्ट्रेस भी फिल्म के डायरेक्टर प्रशांत नील की आभारी हैं कि उन्होंने 'राधा रामा' के किरदार के लिए उन्हें चुना है। सालार में 'राधा रामा' के किरदार में नजर आईं एक्ट्रेस श्रिया रेड्डी साउथ की जानी-मानी अभिनेत्री हैं, लेकिन उन्होंने अपनी बेटी के जन्म के बाद फिल्मी पर्दे से लंबे समय से दूरी बनाकर रखी हुई थी। गौरतलब है कि श्रिया पूर्व इंडियन क्रिकेटर भरत रेड्डी की बेटी हैं।



# '12वीं फेल' अब ओटीटी पर मचाएंगी धमाल

**मुंबई।** विक्रांत मैसी की '12वीं फेल' इस साल की बेहतरीन फिल्मों में से एक है। 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन शानदार रहा। दर्शकों और क्रिटिक्स की तरफ से फिल्म को खूब सराहा गया। वहीं थिएटर्स में धमाल मचाने के बाद अब 12वीं फेल ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 29 दिसंबर को स्ट्रीम होगी। विधु विनोद चोपड़ा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म ने उम्मीद से ज्यादा कमाई कर सभी को हैरान कर दिया था। 20 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने 62 करोड़ कमाए थे। इस फिल्म को देखने के बाद हर कोई विक्रांत मैसी की एक्टिंग का मुरीद हो गया था। फिल्म में उन्होंने मनोज कुमार शर्मा की भूमिका निभाई है।

# प्रियंका की बिगड़ी तबीयत अस्पताल में हुईं भर्ती...

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस और बिग बॉस फेस प्रियंका चैहर चौधरी के फैंस को चिंता में डालने वाली एक खबर सामने आई है। एक्ट्रेस की अचानक तबीयत खराब हो गई है और वह अस्पताल में भर्ती हैं। इस बात की जानकारी प्रियंका के दोस्त कमल दादिल्ला ने दी है और साथ ही उनकी अस्पताल से एक तस्वीर भी शेयर की है। टीवी शो उडारियां में प्रियंका चाहर चौधरी के साथ काम कर चुकीं कमल दादिल्ला ने अपने इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस की एक फोटो शेयर की, जिसमें उनके हाथ में ड्रिप्स लगीं नजर आईं। इस फोटो के साथ दोस्त ने कैप्शन में लिखा, जल्दी ठीक हो जाओ। दोबारा हमारी बबली गर्ल बन जाइए।



वहीं,एक इंटरव्यू में प्रियंका चाहर चौधरी की दोस्त कमल ने उनका हेल्थ अपडेट देते हुए कहा, एक महीने से प्रियंका का ब्लड प्रेशर ऊपर-नीचे हो रहा था। उन्हें बहुत जल्दी थकान हो रही थी। उनके साथ चीजें ठीक नहीं हो रही थीं। उन्हें बहुत जल्दी बुखार भी चढ़ जा रहा था। इस वजह से आज वह अस्पताल में भर्ती हुईं। उनके कई टेस्ट हुए हैं और भगवान की कृपा से सबकुछ ठीक है। इस खबर के बाद प्रियंका चाहर चौधरी के फैंस काफी चिंतित हो गए हैं और एक्ट्रेस की अच्छी सेहत के लिए दुआएं कर रहे हैं।

# सात साल का सफर रहा उतार चढ़ाव से भरा : फातिमा शेख



**मुंबई।** स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'दंगल' से डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस फातिमा सना शेख फिल्म की रिलीज के सात साल पूरे होने का जश्न मना रही हैं। इसमें फातिमा ने पहलवान गीता फोगाट की भूमिका निभाई थी। यह महावीर सिंह फोगाट और उनकी बेटियों गीता और बबीता पर आधारित एक बायोपिक है। यह फिल्म सिर्फ एक सिनेमाई मनोरंजन नहीं थी, इसमें वास्तविक जीवन की कुश्ती चैंपियन की कहानी दिखाई गई थी, जिसका किरदार फातिमा ने निभाया था। फातिमा ने अपनी यात्रा पर विचार करते हुए कहा, दंगल को सात साल हो गए हैं, एक ऐसी फिल्म जिसने सिनेमा में मेरी शुरुआत की और मुझे खुशियों से भरी यादें दीं। दंगल से लेकर 'धक धक' तक मेरा फिल्मी करियर खुशी, आंसुओं और दुख के साथ भावनाओं का उतार-चढ़ाव भरा सफर रहा है। उन्होंने आगे कहा, गीता फोगाट हमेशा मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखेंगी और इस किरदार को मिले सभी प्यार के लिए मैं आभारी हूं। उनका किरदार निभाने के सात साल के नाम, दंगल परिवार के नाम, जिसने इसे संभव बनाया और इस अद्भुत फिल्म के जादू के नाम।

# अरबाज करेंगे मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से शादी

**मुंबई।** अभिनेता अरबाज खान मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से शादी करेंगे। खबरों के मुताबिक अरबाज खान की पत्नी शूरा रविना टंडन और राशा थदानी की मेकअप आर्टिस्ट हैं। खबरों के मुताबिक, अरबाज अपनी सिस्टर अर्पिता के घर पर शादी करेंगे और केवल कुछ लोग और कुछ करीबी लोग अपनी शादी में शामिल होंगे। इस बीच, अरबाज का एक वीडियो वायरल हो रहा है, वीडियो में, पपराजी ने अरबाज की शादी की तारीख से पूछा कि 'शादी में कब आना है?' अरबाज ने पपराजी को चुप रहने के लिए कहा।

बता दें कि शूरा खान से पहले, अरबाज मॉडल जॉर्जिया एंड्रियानी के साथ रिलेशनशिप में थे, दोनों का हाल ही में ब्रेकअप हुआ है। जॉर्जिया ने अपने ब्रेकअप के बारे में एक साक्षात्कार में भी बात की थी। उन्होंने बताया था कि वह अभी भी अच्छे दोस्त हैं, लेकिन रिश्ते में एक साथ नहीं रहना चाहते हैं। अरबाज और मलाइका का 2017 में तलाक हो गया था।



# ट्रोलर के निशाने पर आई कृर्ति



**मुंबई।** एक्ट्रेस कृर्ति सेनन का एक लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें अदाकारा डरते-डरते गाय को छूते हुए नजर आ रही हैं। इस वीडियो को लेकर अब कृर्ति सेनन को जमकर ट्रोल किया जा रहा है। कृर्ति सेनन के इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि वह अपने जिम सेशन से बाहर आईं और वहां उनकी कार के पास एक गाय और भारी लोगों की भीड़ मौजूद है। इस दौरान कृर्ति गाय के मस्तिक पर टच कर आशीर्वाद लेती हुई नजर आ रही हैं। लेकिन वह गाय को छूने में काफी डरती हुईं दिखाई दे रही हैं। बस इसी मसले को लेकर अब कृर्ति सेनन को सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया जा रहा है। लेटेस्ट वीडियो को लेकर कृर्ति सेनन ट्रोलर्स के निशाने पर आ गई हैं। गाय को छूने वाले कृर्ति के लेटेस्ट वीडियो को लेकर नेटिजंस ने अपनी भड़ास वीडियो पर कमेंट कर के निकाली है। एक यूजर ने लिखा है- गाय को छूने में इतना डर लग रहा है कुत्ते को छूने में नहीं, हद है सनातन के नाम पर धब्बा।

# नए साल में इन फिल्मों की रहेगी धूम

***मुंबई।*** *जिस तरह साल 2023 बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के लिए बेहतर रहा उसी तरह साल 2024 से भी यही उम्मीद की जा रही है। अब रितिक रोशन और दीपिका पादुकोण की 'फाइटर' जैसी फिल्मों के अलावा और भी बड़े बैनर की मूवी बनकर तैयार हैं, जो जनवरी 2024 में रिलीज होने की लिस्ट में लगी हुई हैं।*

## 12 जनवरी को रिलीज होगी 'कल्कि 2898'

इस साल की शुरूआत दीपिका पादुकोण की फिल्म 'कल्कि 2898' से हो रही है। ये मूवी 12 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में दीपिका के अलावा प्रभास, अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दिशा पटानी हैं। 2023 तो दीपिका के लिए बहुत लकी रहा लेकिन देखने वाली बात है कि 2024 की शुरूआत उनके लिए कैसी रहती है।

## 'मेरी क्रिसमस'

इस लिस्ट में अगली फिल्म है मेरी क्रिसमस जिसमें कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति हैं। कैट की ये फिल्म दो भाषाओं में रिलीज होने को तैयार है, जो 12 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में एंट्री मारेगी।




## लाल सलाम

साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'लाल सलाम' भी साल 2024 में रिलीज होने को तैयार है। ये एक तमिल स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म, जिसका फैंस को इंतजार है। आपको बता दें कि ये भी 12 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## 'गुंटूर करम'

महेश बाबू की अपकमिंग फिल्म, 'गुंटूर करम'एक एक्शन एंटरटेनर है, जो त्रिविक्रम श्रीनिवास द्वारा निर्देशित है। टॉलीवुड की मचअवेटेड फिल्मों में से एक मूवी 13 जनवरी को रिलीज होगी। खबरों के अनुसार मूवी का ट्रेलर 1 जनवरी को आएगा, जिसका फैंस इंतजार कर रहे हैं।

## फाइटर

नए साल के पहले महीने के अंत में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फाइटर रिलीज होने वाली है। ये मूवी 25 जनवरी को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी, जिसका फैंस इंतजार कर रहे हैं। सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित फिल्म हवाई एक्शन ड्रामा भारत का पहला हवाई एक्शन है, जो सभी के लिए रोचक होने वाली है।

## खबर संक्षेप

### जपं सारंगढ़ में मनाया गया सुशासन दिवस

**कटेली।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर सुशासन दिवस का आयोजन किया गया। सारंगढ़ जनपद पंचायत में कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी सहित जनप्रतिनिधियों ने वाजपेयी की पूजा की। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने सभी नागरिकों के साथ सुशासन दिवस की शपथ ली। मंच संचालन शिक्षिका प्रियंका गोस्वामी ने की। इस अवसर पर अतिथियों में सुभाष जालान, अजय गोपाल, मनोज जायसवाल, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर टीआर महेश्वरी, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, सीईओ संजू पटेल, तहसीलदार नेत्रप्रभा सिदार, रूपाली मेश्राम, कोमल प्रसाद साहू, कुलदीप और बिहान समूह की महिला सदस्य उपस्थित थे।

### अटल के जन्मदिन पर कंबल वितरण



**कटेली।** भूतपूर्व प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता अटल बिहारी बाजपेयी की जन्म जयंती को सुशाशन दिवस मनाते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुभाष जालान के नेतृत्व में जरूरत मन्द लोगों के घर जा जाकर उन्हें कम्बल प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुभाष जालान के साथ में जिला महामंत्री अजय गोपाल, मण्डल अध्यक्ष मनोज जायसवाल, महिला मोर्चा से निर्मला जयसवाल, चनद्रिका ठाकुर, मनीषा मघरिया, युवा मोर्चा जिलामहामंत्री राजा गुप्ता,जिला मीडिया प्रभारी सूरज गुप्ता उपस्थित रहे।

### छिछोर उमरिया में टोकन के लिए उमड़े किसान

**पुसौर।** पुसौर क्षेत्र के सेवा सहकारी समिति छिछोर उमरिया के धान खरीदी केन्द्रों में बीते रविवार को किसानों का टोकन लेने के लिए भीड रही। जानकारी के मुताबिक उक्त सोसायटी में रविवार को ही टोकन दिया जाता है और साथ ही ज्यादातर किसान एक साथ धान कटवाने के कारण इस तरह की स्थिति निर्मित हुई है। रविवार अवकाश होने के साथ ही अपने घरेलु कार्य के कारण यहां के प्रबंधक बेहरा अनुपस्थित रहे इस स्थिति में यहां के कम्प्यूटर आपरेटर तथा अन्य सहायकों के द्वारा आए हुए किसानों को टोकन वितरण किया गया। ज्ञात हो कि उक्त धान खरीदी केन्द्र बीते धान खरीदी कार्यो में सुर्खियों में रहा। यह केन्द्र जतरी सोसायटी का आश्रित था उस समय के काले कर्तुतों की भरपाई कैसे हुआ यह तो पता नहीं लेकिन स्टाफ और हालात सुधरने के बाद भी जानकार और जागरूक लोगों की निगाहे इस केन्द्र के प्रति सचेत रह रही है।

### सूपा और बड़ेभंडार में भारत संकल्प कार्यक्रम



**पुसौर।** केन्द्र सरकार लाए गए पीएम आवास सहित अन्य योजनाओं का ग्रामीण जनों में कितनी सफलता से पहुंची है और संबंधितों ने उसका लाभ उठा कर वे वर्तमान किस हाल में है, उनका घरेलु स्थिति जानने साथ ही इससे वंचित लोगों को इसका लाभ दिलाने विकसित भारत संकल्प रथ शिविर का आयोजन पिछले कई दिनों से किया जा रहा है। इसी कड़ी में बीते दिनांक को सूपा और बडेभंडार में यह कार्यक्रम आयोजित हुई। सुपा का कार्यक्रम 11 बजे से 2 बजे तक के कार्यक्रम का कमान भाजपा के सक्रिय नेता और सुर्री के पूर्व सरपंच मोहन कुर्रे तथा यहां के सरपंच व बीडीसी सहित अन्य गणमान्य नागरिकों का रहा। उक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, जल जीवन मिशन, आदिवासी छात्रावास, पशुपालन विभाग, आईसीडीएस तथा जनपद कार्यालय पुसौर के स्टाफ मौजूद रहे। इसमें कृषि विभाग के 23 प्रकरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 358 लोगों का इलाज, तथा जनपद से जुडे 38 प्रकरण पर आवेदन प्राप्त हुए। लगे हुए किसी भी स्टाल में कोई भी विभाग प्रमुख अथवा अन्य सक्षम अधिकारी नहीं रहे।

## स्व सहायता समूह को मिलेंगे ड्रोन, खेती में महिलाओं को अवसर

# खेत में यूरिया और दवाएं आसानी से छिड़कवा सकेंगे जिले के किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्व सहायता समूहों की आय बढ़ाने के लिए उनको जिला पंचायत की तरफ से ड्रोन दिए जाएंगे। इससे न केवल महिलाओं को खेती में अवसर मिलेगाए बल्कि किसानों की आय भी बढ़ेगी। केन्द्र सरकार ने इसके लिए बजट भी जारी कर दिया है। इससे न केवल प्राइवेट मंहगे ड्रोन किराये पर लेने की मजबूरी खत्म होगी तो दूसरी तरफ खेती का समय भी बचेगा और केमिकल की मात्र भी एकसमान रहेगी।

**खास बात**

- आसान होगी राह, दवा का मानक एक सा रहेगा

मालूम हो कि इसी साल केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 1,261 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ महिला स्वयं सहायता समूहों एसएचजी को ड्रोन प्रदान करने के लिए योजना को मंजूरी दी। इसके अनुसार इस योजना का लक्ष्य किसानों को किराये की सेवाएं प्रदान करने के लिए 15000 चयनित महिला एसएचजी को ड्रोन प्रदान करना है। यह योजना फसल की पैदावार बढ़ाने और लागत कम करने के लिए प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने में मदद करेगी।



**दवा का मानक एक समान**

कृषि विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक एक मजदूर एक दिन में ढाई एकड़ खेत में कीटनाशक या यूरिया का छिड़काव कर पाता है। इसके लिए उसे 30 से 40 बार पंप भी भरना होता है। ऐसे में उसका मिश्रण का अनुपात भी कभी कभार गड़बड़ा जाता है। लेकिन ड्रोन से ये काम मात्र 20 मिनट में हो जाता है। १ जिले में 1.67 हेक्टेयर खेती का रकबा है। इसमें सबसे ज्यादा 1.42 लाख हेक्टेयर में चावल होता है। इसके बाद गेंहू व अन्य फसल होती है। इसमें ड्रोन से दवा और कीटनाशकों का छिड़काव करने से समय और दवा की गुणवत्ता भी सही रहेगी।

**20 मिनट में ढाई एकड़ खेत में छिड़काव**

जिले और उसके आसपास खेती करने के तौर तरीकों में बदलाव आ रहा है। अब इस बदलाव को स्व सहायता समूहों तक ले जाने की योजना पर काम किया जा रहा है, जिससे उनकी आय तो बढ़ेगी ही, किसान सस्ते में ड्रोन से अपने खेत में कीटनाशक और यूरिया डलवा सकेंगे। अभी ये काम निजी कंपनी के पास है, जो मनमानी दर पर खेतों में यूरिया और कीटनाशकों का छिड़काव कर रहे हैं।

**किसानों को होगा दोहरा फायदा, बढ़ेगी आमदनी**

खेती में ड्रोन के उपयोग से न केवल स्व सहायता समूहों की आमदनी में बढ़ोतरी होगीए बल्कि बड़ी संख्या में किसान भी लाभान्वित होंगे। खेतों में खाद के छिड़काव में आसानी होगी। जिला प्रशासन का कहना है कि ये प्रक्रिया जल्द ही शुरू हो जाएगी। इसके बाद समूहों का चयन कर उन्हें ड्रोन उपलब्ध कराए जाएंगे। जिसका आवश्यकता अनुसार किसान फसलों में रासायन छिड़कने में उपयोग कर सकेंगे।

## बाल बलिदानियों की शहादत को नमन करने का दिन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बड़ी संख्या में देशभक्त पंजाब में 20 से 27 दिसंबर तक शोक सप्ताह मनाते हैं। अब सोशल मीडिया इंटरनेट के समय में देश के दूसरे राज्यों के लोगों को भी इसके संबंध में जानकारी मिल रही है। 1704 में पंजाब में श्री गुरु गोबिंदसिंह को अपना धर्म और स्वाभिमान बचाने के लिए पूरे परिवार का बलिदान देना पड़ा था।

सरस्वती शिक्षा संस्थान के प्रचार प्रमुख संस्कार श्रीवास्तव 318 साल पहले हुई इस घटना की जानकारी बच्चों को आनलाइन दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि श्री गुरु गोबिंद सिंह के दो बेटे जोरावर सिंह फतेह सिंह को 26 दिसंबर को धर्म विशेष नहीं अपनाने पर दीवार में जिंदा चुनवा दिया गया था। वहीं अजीत और जुझार सिंह को चमकौर के युद्ध में बलिदान देना पड़ा। वे इस बलिदान अवगत कराने प्रेरणा व्हाट्स एप के द्वारा दे रहे हैं। गुरु गोबिंद सिंह जी के दो पुत्रों साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह जी ने 26 दिसंबर 1705 को न्याय की तलाश में क्रमशः 9 और 6 साल की उम्र में सर्वोच्च बलिदान दिया। स्कूल की



**माता पिता अपने बच्चों को बताएं 318 साल पहले बाल बलिदानियों की कहानी**

छुट्टियां हैं इसलिए पेरेंट्स को अपने बच्चों को इन बलिदानियों के जीवन और महान वीरता से अवगत कराना चाहिए। पेरेंट्स या समाज विशेष जनजागरण के लिहाज से वाद विवाद, कविताएँ, निबंध, पेंटिंग आदि जैसे कार्यक्रम आयोजित कर सकते हैं। भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन ने भी इस संबंध में प्रेरणा दी है।

## बाइक और ट्रक में भिड़ंत, बाइक सवार दो युवकों की मौत



**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्रान्तर्गत बाइक व ट्रक में जोरदार भिडंत हो गई। ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को जब्त करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को धरमजयगढ़ रोड की तरफ से आ रही ट्रक की चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल में दो सवार दो युवको की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि देवा राम चौहान उम्र 18 वर्ष और करम सिंह उम्र 21 वर्ष दोनों निवासी घरघोडा के कसैया डीपा पारा के रहने वाले है। घरघोड़ा थाना प्रभारी शरद चन्द्रा को सूचना मिलते ही दलबल के साथ मौके पर पहुँच के स्थिति को नियंत्रित किया। शव का पंचनामा भरकर मर्ग कायम कर करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए घरघोड़ा हॉस्पिटल भेज दिया है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर थाना में खड़ी कर दी है। घरघोड़ा पुलिस आगे की कार्यवाही में जुट गई है ।

## मड़ई महोत्सव में विधायक के हाथों सम्मानित हुए राम नन्दन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के पर्यावरण प्रेमी राम नन्दन यादव को विगत दिनों नई दिल्ली में भगवान बुद्ध फेलोशिप नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया उनके इस उपलब्धि पर यादव समाज ने 28 वां मड़ई महोत्सव के विशाल आयोजन में मुख्य अतिथि चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव और विशिष्ट अतिथि लैलूंगा विधायक विद्यावती सिदार के करकमलों से तथा विशिष्ट अतिथिगण महापौर जानकी काट्जू, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, पुरुषोत्तम अग्रवाल संजीवनी, संजीव चौहान, हेमंत वर्मा जे एस पी, पार्षद विकास ठेठवार की उपस्थिति में यादव समाज के गौरव के रूप में सम्मानित किया गया। नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ राज्य से 26 प्रतिभाओं को 10 दिसम्बर को पंचशील आश्रम, झड़ोदा गांव बुराड़ी बाई पास दिल्ली 84 में राष्ट्रीय स्तर का सम्मान प्रदान किया गया जिसमें रायगढ़ शहर के दीनदयाल कोलोनी फेस 2, निवासी राम नंदन यादव को पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु पर्यावरण संरक्षण अवार्ड भगवान बुद्ध नेशनल फेलोशिप अवार्ड प्रदान किया गया।

## पूर्व पीएम अटल बिहारी को दी गई श्रद्धांजलि

**रायगढ़।** 25 दिसंबर को देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर शहर के बाइपास स्थित अटल चौक पर जिला भाजपा कार्यालय के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष उमेश अग्रवाल समेत तमाम भाजपा नेताओं ने अटल बिहारी के राष्ट्र समर्पण को याद करते हुए उन्हें नमन किया तथा देश को अटल का ऋणी बताया। चार दशकों से भारतीय संसद के सदस्य थे, लोकसभा, निचले सदन, दस बार, और दो बार राज्य सभा, ऊपरी सदन में चुने गए थे। उन्होंने लखनऊ के लिए संसद सदस्य के रूप में कार्य किया। अपना जीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में प्रारम्भ करने वाले वाजपेयी आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेकर राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबन्धन राजग सरकार के पहले प्रधानमन्त्री थे, जिन्होंने गैर काँग्रेसी प्रधानमन्त्री पद के 5 वर्ष बिना किसी समस्या के पूरे किए। आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेने के कारण इन्हे राजनीति का भीष्मपितामह भी कहा जाता है।

## अवैध शराब बेचते दो महिलाओं समेत 4 गिरफ्तार

**रायगढ़।** 24 दिसंबर को जूटमिल पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा ताबड़तोड़ अंदाज में कांशीराम चौक, छातामुड़ा चौंक, सांगीतराई, सारंगढ़ बस स्टैंड ट्रांसपोर्ट नगर, धरमपुर पर छापेमारी कार्यवाही किया गया।

- सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी करते 03 पकड़ाए

इस दौरान जूटमिल पुलिस और साइबर सेल की टीम द्वारा सारंगढ़ बस स्टैंड के पास संतोष रात्रे से 18 पाव देशी प्लेन और 05 पाव देशी मसाला शराब, कांशीराम चौक पर दरस वारे से 4 लीटर महुआ शराब, कृष्णा साल्वेंट आयल फैक्ट्री पण्डा पान ठेला के पास, छातामुडा चौक, लक्ष्मीन महंत से 17 पाव देशी प्लेन और ग्राम धरमपुर रोड किनारे श्रीमती केतकी बाई से 08 नग प्लास्टिक पाउच 200 उस वाली महुआ शराब को जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। छापेमारी में अवैध शराब बेचने वालों से कुल 16 लीटर महुआ देशी प्लेन शराब कीमती करीब 7,540 रूपए का जब्त किया गया। वहीं जूटमिल पुलिस की टीम द्वारा छातामुड़ा चौंक पर परमेश्वर साहू उर्फ़ पंडा, सांगीतराई डिपापारा पर दीपक सिदार और कांशीराम चौक पर तुलसी जाटवार को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पकड़े जाने पर आबकारी एक्ट की धारा 36 च के तहत कार्यवाही किया गया है। जूटमिल पुलिस की आगे भी अवैध शराब और सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी करने वालों पर कार्यवाही जारी रहेगा। शराब रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक रामकिंकर यादव के सहायक उपनिक्षक राजेंद्र पटेल, नरेंद्र सिदार, प्रधान आरक्षक खीरेंद्र जलतारे, वीरेंद्र भगत, रेखा नागरे, महिला आरक्षक समीक्षा दान, आरक्षक जितेंद्र दुबे, सत्या यादव संतोष एक्का और साइबर सेल के आरक्षक नवीन शुक्ला, सुरेश सिदार, विक्रम सिंहए प्रताप बेहरा शामिल थे।



इन पर अवैध शराब बेचते हुई कार्रवाई सारंगढ बस स्टैण्डट्रांस्पोर्ट नगर चौक पर संतोष रात्रे पिता कांशीराम रात्रे उम्र 35 वर्ष निवासी कांशीचुआ थाना भूपदेवपुर जिला रायगढ, कांशीराम चौक के पास दरस वारे पिता स्व मोहित राम वारे उम्र 40 वर्ष सा काशीराम चौक गांधी नगर थाना जुटमिल जिला रायगढ़, कृष्णा साल्वेंट आयल फैक्ट्री पण्डा पान ठेला के पास, छातामुडा चौक श्रीमती लक्ष्मीन पति स्व. सुखुदास महंत उम्र 40 वर्ष कृष्णा साल्वेंट आयल फैक्ट्री पण्डा पान ठेला के पास, छातामुडा चौक ग्राम धरमपुर सार्वजनिक रोड किनारे श्रीमती केतकी बाई पति स्व. बोधराम चौहान उम्र 58 वर्ष निवसी ग्राम धरमपुर थाना जूटमिल, सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते पकड़े गये आरोपी परमेश्वर साहू ऊर्फ पण्डा पिता स्व. रामलाल साहू उम्र 32 वर्ष निवासी टुरकुमुडा सहदेवपाली थाना जुटमिल, दीपक सिदार पिता स्व. गुलशन सिदार उम्र 35 वर्ष निवासी सांगीतराई डीपापारा, तुलसी जाटवर पिता फागुलाल जाटवर उम्र 34 वर्ष निवासी, कांशीराम चौक थाना जूटमिल।

## विद्यालय में आनंद मेला, खेल स्पर्धा



**बरमकेला।** नगर में बच्चो के लिए श्रेष्ठ माने जाने वाले मीत स्कूल मे बच्चो के सर्वांगीण विकास के लिए समय समय पर विभिन्न कार्क्रम किए जाते रहते है। इसी क्रम में विद्यालय मे खेल प्रतियोगिता एव आनंद मेला का आयोजन किया गया उक्त कार्यक्रम मे सारंगढ़ बिलाईगढ़ डीईओ एस एन भगत एव बरमकेला बीईओ नरेश चौहान शामिल हुए। इस प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न प्रकार के खेल जैसे जलेबी दौड़, बोरी दौड़, मेंढक दौड़, लम्बी कूद उची कूद एम्यूजिकल चेयर, बॉटल दौड़ एव विभिन्न प्रकार के खेलो का आयोजन किया गया। दो दिन तक चलने वाले इस खेल प्रतियोगिता के तीसरे दिन आनन्द मेला का आयोजन किया गया था जिसमे नन्हें मुन्हे बच्चों ने बड़ चढ़कर हिस्सा लिया आनंद मेला की शुरुआत डीएओ एस एन भगत ने रीबन काट कर की इस कार्यक्रम में पलकों ने भी बड़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में शामिल हुए संस्थान के पूर्व शिक्षक केशव, पाल सोनाली मैम को भी विद्यालय परिवार ने साल एव श्रीफल भेट कर सम्मानित किया कार्यक्रम के अंत में खेल दिवस के विजेताओ को पुरस्कृत किया गया।

## नैवैद्यम के बाद स्वास्थम होगी जेसीआई रायगढ़ सिटी के सेवा की अगली थीम



**रायगढ़।** शहर की सेवाभावी संस्था जेसीआई रायगढ़ सिटी ने विगत एक दशक से बीमार मरीजों के लिए निशुल्क खिचड़ी वितरण कर अपने नैवैद्यम संकल्प को भलीभांति निभाने के बाद अब इसके साथ अगले वर्ष से स्वास्थम थीम पर काम करने की तैयारी की है जिसके अंतर्गत निशुल्क व रियायती इलाज के लिए विशेष शिविर लगाएं जाएंगे।

- नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण, विकास बने अध्यक्ष

बीते रविवार की शाम जेसीआई रायगढ़ सिटी की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सभी सदस्यों, पास्ट प्रेसिडेंट गैलेक्सी मुख्य अतिथि जेसी अमन शुक्ला जोन प्रेसिडेंट 2024, जेसी स्पर्श लखिना जोन वाइस प्रेसिडेंट 2024 एवं शहर के गणमान्य नागरिकों,वरिष्ठ पत्रकारों की उपस्थिति में भव्य रूप से संपन्न हुआ। समारोह की शुरुआत में विशिष्ट अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों का स्वागत करते हुए दीप प्रज्वलन किया गया। उसके पश्चात संस्था के पूर्व अध्यक्ष ने वर्ष 2023 के अपने अध्यक्षीय कार्यकाल का पूर्ण ब्यौरा सबके समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने कार्यकाल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों को पुरस्कृत भी किया। मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि ने अपने उद्बोधन में जेसीआई द्वारा किए जा रहे कार्यो के बारे में विवरण दिया। समारोह में उपस्थित गणमान्य नागरिकों द्वारा भी जेसीआई रायगढ़ सिटी द्वारा किए जा रहे समाज उपयोगी कार्यो की भूरी भूरी प्रशंसा की गई एवं उन्हें आगे भी इसी प्रकार कार्यों करते रहने का प्रोत्साहन दिया गया। नई कार्यकारिणी में प्रेसिडेंट विकास अग्रवाल, सेक्रेटरी जेसी सुमित बट्टीमार, ट्रेजरार जेसी गुलशन अग्रवाल वीपी मैनेजमेंट जेसी आयुष मोदी बाजार, डायरेक्टर मैनेजमेंट विकास अग्रवाल रानीसती वीपी ट्रेनिंग जेसी आकाश अग्रवाल दुल्हन साड़ी, डायरेक्टर ट्रेनिंग जेसी मुकुंद जैन, वीपी प्रोग्राम जेसी रजत अग्रवाल को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

## स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव



**रायगढ़।** लोचन नगर स्थित इंग्लिश मीडियम प्री प्राइमरी स्कूल का वार्षिकोत्सव 23 दिसंबर को पॉलिटेक्निक कॉलेज के ऑडिटोरियम हॉल में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल शिक्षा सम्मान से सुशोभित रमेश शर्मा का स्वागत नन्हे बच्चों द्वारा पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर किया गया। विशिष्ठ अतिथि के रूप में राजा शुक्ला उपस्थित रहे जिनका स्वागत बच्चों ने पुष्पगुच्छ से किया। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारभ हुआ जिसमें कक्षा यू के जी के छात्रों द्वारा प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के नन्हे नन्हे बच्चों के द्वारा एक के बाद एक अति मनमोहक एवं मस्ती से भरे गीतों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए गए जिन्हे सभी अतिथियों एवं अभिभावकों ने बहुत आनंद लेकर देखा। बच्चों के उत्तम अभ्यास के फलस्वरूप एक ताल पर थिरकते क़दमों के साथ उपस्थित अतिथियों की तालियां भी पूरे कार्यक्रम के दौरान हॉल में गूंजती रही। मुख्य अतिथि रमेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के क्षेत्र में अपने लम्बे अनुभव को अभिभावकों से साझा करते हुए बहुत सी ऐसी बातें बताई जो बच्चों के पूर्ण विकास के लिए आवश्यक हैं।

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव



**रायगढ़।** बड़े रामपुर स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। 23 दिसम्बर की संध्या विद्यालय परिसर में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान एकला विभाग की प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया था। दूसरी ओर संस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए धरोहर की प्रस्तुति के जरिए राष्ट्रीय एकता की जीवन्त प्रस्तुति की गई। आयोजन मुख्य अतिथि श्रीमती पूनम सोलंकी नेता प्रतिपक्ष नगर निगम की उपस्थिति रही वही विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर की समाज सेविका रेखा महमिया लता दीपक अग्रवाल श्रीमती कविता बेरीवाल, अहर्निश अग्रवाल, श्रीमती मल्लिका अग्रवाल, विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती अनीता अग्रवाल, कमल अग्रवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे की उपस्थिति रही। सर्वप्रथम कक्षा केजी व नर्सरी के छात्र छात्राओं द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात प्राथमिक विभाग द्वारा फोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती प्रिया सिंह द्वारा विद्यालय की गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी गई। समस्त अभिभावकों एवं अतिथियों को विद्यालय की आधुनिक एवं प्रयोगात्मक शिक्षण पद्धति के विषय में जानकारी दी गईएतथा विद्यार्थियों की विशेष उपलब्धि से अवगत कराया गया। प्राचार्या द्वारा विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पीपीटी के माध्यम से रखा गया।

